आ0सं0:–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2022............दिनांक–

**बिहार सरकार**

**भवन निर्माण विभाग**

# आदेश

पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड सूचना प्रौद्योगिकी केन्द्र, हरसिद्धी के निर्माण कार्य (अवशेष कार्य) की निविदा में परिवाद पर समीक्षा के उपरांत विभागीय निविदा समिति की बैठक दिनांक–28.01.2022 को संवेदक, मुन्ना कुमार, मजुराहा, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण, पिन–845401 को दोषी माना गया है । मुख्य अभियंता(उत्तर) के द्वारा पत्रांक–395 दिनांक–24.02.2022 द्वारा इनके विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी ।

मुख्य अभियंता(उत्तर) द्वारा की गई अनुशंसा के आलोक में अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में आयोजित संवेदकों के निलंबन / कालीकरण संबंधित बैठक में इस पर विचार किया गया तथा विचारोपरांत विभागीय पत्रांक–2883 दिनांक–21.04.2022 एवं पत्रांक–4054 दिनांक–30.06.2022 द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भी संवेदक से स्पष्टीकरण पूछने हेतु सूचित किया गया, परन्तु संवेदक द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया ।

पुनः दिनांक–19.07.2022 को अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव की अध्यक्षता में आयोजित संवेदकों के निलंबन / कालीकरण संबंधित बैठक में इस मामले पर विचार किया गया तथा विचारोपरांत समिति द्वारा संवेदक के निबंधन को तीन वर्षो के लिए निलंबित करने का निर्णय लिया गया ।

उक्त निलंबन आदेश के विरूद्ध संवेदक के द्वारा सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के यहाँ एक अपील आवेदन दायर किया गया । संवेदक के द्वारा उनके निजी CA का पता बदल जाने के कारण Tax Audit Report की सत्यतता की जाँच न होने की बात कहीं गयी तथा पुनः जाँच कराने का अनुरोध किया गया । संवेदक के अनुरोध पर अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव को रिमांड किया गया है।

तदोपरांत संवेदक द्वारा समर्पित Tax Audit Report को पुनः जाँच कराने हेतु उनके CA को ई०–मेल के माध्यम से भेजा गया, जिसमें Mukesh Patel (CA) के द्वारा Tax Audit Report की सत्यतता की पुष्टि की गयी ।

सम्यक विचारोपरांत संवेदक के निबंधन को आदेश निर्गत होने तिथि से मुक्त किया जाता है ।

ह0 / –

**(सुधांशु शेखर राय)**

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2022 पटना,दिनांक–

स्पीडपोस्ट

प्रतिलिपिः–संवेदक, मुन्ना कुमार, मजुराहा, मोतिहारी, पूर्वी चम्पारण, पिन–845401 के निबंधन सं०–Class-2(BCD)-2190076 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक–भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2022 पटना,दिनांक–

प्रतिलिपिः–सचिव के आप्त सचिव, भवन निर्माण विभाग / पथ निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / ऊर्जा विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना / मुख्य महाप्रबंधक(परियोजना), बिहार चिकित्सा सेवायें एवं आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना / सभी मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण विभाग / मुख्य अभियंता योजना एवं विकास विभाग / मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– भवन–13 / अभि0प्र0(नि0)–03–निलंबन / कालीकृत–07 / 2022 714(मु) पटना,दिनांक– 25/1/24

प्रतिलिपिः–आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव